# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



**डा. मोहित गुप्ता**

M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक

अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

**सुविधायें**

ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन

Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location

सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754




गुलड़िया गौरीशंकर मंदिर में लगी शिवभक्तों की लंबी कतार। ● अमृत विचार



सेमीखेड़ा मंदिर में कतार में लगे भक्त। ● अमृत विचार



रिठौरा में शिव बरात निकाली गई। ● अमृत विचार

# हर-हर महादेव के जयघोष से किया जलाभिषेक

## शिवालयों के बाहर लगी भक्तों की लंबी कतारें, शिव बरात में दूल्हा बने भोले शंकर, जगह-जगह स्वागत, कड़ी सुरक्षा

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ओम नमः शिवाय, त्रयंबकं यजामहे ... के मंत्रोचार के बीच महाशिवरात्रि का पर्व तहसीलों और ग्रामीण क्ल्लकक्षेत्रों में मनाया गया। शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ को संभालने के लिए मंदिर कमेटी के साथ साथ प्रशासन ने भी व्यवस्था की। पुलिस की कड़ी सुरक्षा और निगरानी से श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर शिवअर्चना की और जलाभिषेक किया।

**गुलड़िया:** गौरी शंकर शिव धाम मंदिर पर रविवार की सुबह से ही शिव भक्तों की लंबी-लंबी लाइनों में लगकर हजारों शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। मंदिर कमेटी व प्रशासन की तरफ से मंदिर में जलाभिषेक के लिए भगवान शिव की प्रतिमा के पास ही जलाभिषेक करने की व्यवस्था की गई थी। पशुधनमंत्री धर्मपाल सिंह ने परिवार सहित मंदिर में रुद्राभिषेक किया। मंदिर कमेटी प्रशासन ने मंदिर में बेरीकेडिंग की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं को जलाभिषेक कराया। सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख के लिए एक प्लाटून पीएसी व महिला की दो टोलियां मौजूद रही । साथ ही एसपी साउथ अंशिका वर्मा व एडीएम पूर्णिमा सिंह, एसडीएम विदुषी सिंह, नायब तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा, सीओ मीरगंज अजय कुमार के साथ सिरौली इंस्पेक्टर विनोद कुमार फोर्स के साथ तैनात रहे। मंदिर कमेटी के सदस्य मंगल सिंह वर्मा, ग्राम प्रधान गुलड़िया ज्ञानचंद लोधी, शिवम, विशेष, हिमांशु, राजवीर, बबलू व मंदिर कमेटी के सभी वॉलिंटियर ने व्यवस्था में सहयोगी रहे।



केसर मंदिर में पूजा -अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**बहेड़ी में** तमाम शिवालयों में भजन कीर्तन, रुद्राभिषेक और शिव चालीसा के पाठ का सिलसिला चला। भक्तों ने बम बम भोले के जयकारों से पूरे माहौल को भक्ति मय कर दिया। जगह जगह प्रसाद वितरण किया गया।

**अलीगंज** के शिव मंदिर एवं ग्राम देवता मंदिर स्थित शिवलिंग एवं गैनी गांव स्थित गंगा मंदिर एवं मझगवा ब्लॉक मुख्यालय पर स्थित जय मां दुर्गा मंदिर पर भगवान शिव पर जलाभिषेक करने के लिए दोपहर तक श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही।

**क्योलड़िया :** महेशपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने अपने साथियों के साथ मंदिर में पहुंचकर शिवलिंग पर जल अभिषेक किया। तमाम श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। यहां मेले की व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन को कड़ी मशक्कत पड़ी। इसके लिए प्रभारी वेद सिंह सिंह ने अलग-अलग टीमों को लगाकर मेले की व्यवस्था सुचारू की ।

**फतेहगंज पश्चिमी में** सुबह तड़के से ही विभिन्न गांवों और कस्बों के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव के जयघोष के बीच भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया। राधाकृष्ण मंदिर, चौकी के पास शिव मंदिर, कांवड़िया मंदिर कुरतरा शिव मंदिर, घुंघरूबाबा मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा।

**शेरगढ़** में मंदिरों और शिवालयों पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने गन्ना, भांग, धतूरा, बेल पाती, बेर तथा मिष्ठान आदि अर्पित कर सुख शांति और समृद्धि की कामना की। गांव मनूनगर समेत जगह-जगह रामायण पाठ, ओम् नमः शिवाय का जाप, श्रीमद्भागवत कथा, भंडारे आदि संपन्न किए गए।

**रिठौरा में** प्राचीन शिव मंदिर, शिवनारायण मंदिर, मालियों के मंदिर, होली चौराहा मंदिर, भुमसेन मंदिर, झलरापीपल मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, ठाकुरद्वारा मंदिर, ऊषा गुप्ता मंदिर, सूर्यदेव मंदिर, आदि में भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना कर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। शाम को होली चौराहा मंदिर परिसर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। जिसमें भूत-प्रेत, भक्त डीजे की धुनों पर जमकर थिरके। नगर में जगह-जगह फूल वर्षा कर बारात का स्वागत-सत्कार किया गया।

**फतेहगंज पूर्वी** नगर समेत क्षेत्र के शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही । इस पर्व पर लोगों ने व्रत धारण किया तथा भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना की। । जगह-जगह लोगों ने भजन कीर्तन के भी आयोजन किए । वही महाशिवरात्रि के मौके पर लोगों ने जगह-जगह भंडारों का आयोजन भी किया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया ।

## भदपुरा में महाशिवरात्रि पर निकली शोभायात्रा



**भदपुरा।** रविवार को महाशिवरात्रि पर क्षेत्र में विभिन्न गांवों में शोभायात्राएं निकाली गईं, शोभायात्राओं में तमाम शिवभक्त, शामिल हुए। 'हर हर महादेव' के जयघोष से पूरा क्षेत्र दिन भर गूंजता रहा, जिससे युवाओं में विशेष उत्साह रहा।शोभायात्रा ने मेथी, करुआ साहब गंज, गोटिया साहब गंज, डडिया नजमुल निशा और सरौरा जैसे गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान 'हर हर महादेव', 'ॐ नमः शिवाय' और 'जय श्री राम' के जयघोष से वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। महेश पुर मंदिर, नकटी नारायण पुर, निमिया मंदिर, बहीर जागीर आदि मंदिरों पर भक्तों की भीड़ रही। थाना प्रभारी वेद सिंह के नेतृत्व में पुलिस तैनात रही। यात्रा में राज वर्मा, कांता प्रसाद, प्रसादी लाल, पाती राम और सरताज आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पंचेश्वरनाथ: सुबह जलाभिषेक, शाम को श्रृंगार



**फरीदपुर, अमृत विचार :** रविवार रात से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ इकट्ठा होनी शुरू हो गई थी। जैसे ही शुभ मुहूर्त आया, मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने जल, दूध और बेलपत्र से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। सुबह होते-होते कई मंदिरों के बाहर सैकड़ों मीटर लंबी कतारें लग गईं। प्राचीन पंचेश्वर नाथ महादेव पचौमी, पहलेश्वर नाथ पहलऊ में तड़के चार बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया था। पांडवकालीन पहलेश्वरनाथ मंदिर भी फूल-मालाओं और लाइटों से जगमगा रहा था। कई शिवभक्त कछला घाट से कांवड़ में गंगाजल भरकर नंगे पांव मंदिर पहुंचे। उनकी आस्था, धैर्य और समर्पण ने पूरे माहौल को और भी पवित्र बना दिया।

## शिव पार्वती की प्रतिमा पर बेलपत्र धतूरा चढ़ाया

**दुनका, अमृत विचार :** : महाशिवरात्रि के पर्व पर भक्तों ने शिवजी और पार्वती की प्रतिमा पर बेलपत्र धतूरा बेर को चढ़ाया शिवालयों में सुबह से ही भक्तों पीतांबर वस्त्र धारण कर माथे पर चंदन और त्रिशूल की आकृति तिलक के रूप में लगाकर महोदय बताओ पूजा अर्चना करने के लिए लगी रही भीड़ पुलिस भी अलर्ट मोड पर दिखाई दी। शाही क्षेत्र में श्री राम भगवान दरबार एवं बूढ़े बाबा नागा बाबा की मणि एवं सभी मंदिरों में सुबह से ही महिलाओं पुरुषों और बच्चों को हाथ में पूजा की थाली थाली में बेलपत्र धतूरा बर और जल लेकर मंदिरों में जाने के लिए भीड़ लगी रही।

## सेमीखेड़ा प्राचीन मंदिर में जुटी भारी भीड़

**देवरनियां अमृत विचार :** : देवरनियां में सेमीखेडा में स्थित प्रसिद्ध प्राचीन शिव मंदिर पर जलाभिषेक चढाने के लिए भारी भीड जुटी। इस मौके पर पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। मेला भी लगा। रविवार को सेमीखेडा मंदिर में जल चढाने के लिए भोर से ही पुरुषों और महिलाओं की भीड लगना शुरू हो गई थी । जोकि दोपहर तक जारी थी। इस मौके पर मंदिर के बाहर पडे ग्राउंड पर लगे मेले में भी भीड रही। जिसमें काफी भीड रही।

## मंदिरों में उमड़ा भक्तों का रेला

**भुता, अमृत विचार :** क्षेत्र में भोर से ही क्षेत्र के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई। हर हर महादेव के नारे लगाते हुए भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए मंदिरों में प्रवेश करना शुरू कर दिया। प्राचीन मंदिर रसूलपुर बहानपुर कैलाश धाम पर श्रद्धालु शिवलिंग पर जलाभिषेक करने पहुंचने लगे। कई भक्त कछला घाट से कावड़ लेकर नंगे पांव ही भगवान के द्वार तक पहुंच रहे थे। मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भुता पुलिस भी क्षेत्र में मुस्तैद दिखाई दी।

## न्यूज डायरी

### नवाबगंज में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**नवाबगंज अमृत विचार :** रविवार को कस्बा शिवमय हो उठा। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की गई। कस्बे के श्री राधा कृष्ण मंदिर, बिजौरिया स्थित शिव मंदिर तथा ईध जागीर गांव के प्राचीन शिव मंदिर में भक्तों ने विधि-विधान से जल चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं हिंदू जागरण एवं स्वाभिमान सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं ने कस्बे में परिक्रमा यात्रा निकाली और विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक किया। परिक्रमा यात्रा को संगठन के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार फौजी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान संगठन के उपाध्यक्ष हरिपाल, भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मीरा गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र गंगवार उर्फ पिंटू, अशर्फीलाल गंगवार, जसवंत गंगवार सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। देर शाम कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पोस्ट ऑफिस के पास से प्रारंभ होकर कचहरी मार्ग, बाईपास मार्ग और खारजा मार्ग से होती हुई नत्थूलाल धर्मशाला पर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में नवीन आनंद, प्रदीप पाठक, तरुण शर्मा, दीपक शर्मा, मनोज भारद्वाज, गोविंद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

### तीन दिवसीय मेले का सांसद ने किया शुभारंभ

**रिठौरा, अमृत विचार :** मुंडिया अहमदनगर गांव में संतोषी माता मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेले का शुभारंभ सांसद छत्रपाल गंगवार ने फीता काट कर किया। उन्होंने कहा मेला आपसी प्रेम और भाईचारे का सूचक होता है । इसका सभी आनंद लें। कृष्ण रासलीला में कलाकारों ने बड़े सुंदर -सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर पूरा माहौल भक्तिमय बना दिया। वहीं कंस बध की लीला का मंचन किया गया। दूसरे दिन कंस बध लीला का मंचन। इस मौके पर देवेंद्र पटेल, पूजा मिश्रा, उमेश पटेल, मुकेश चन्द्र तिवारी, अरविंद भदौरिया, सचिन पटेल, डॉ अर्जुन यादव, राजाराम कातिब, सुनील पटेल, सतीश चन्द्र शर्मा, अंकित, विपिन, रोहित दिवाकर, संदीप पटेल, राधेश्याम पटेल, वीरेंद्र कश्यप, नरेश भदौरिया, राज यादव, नारायण पटेल, महेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।



### मेले में गूंजा खेती का संदेश, जागरूकता स्टॉल लगाया



**फरीदपुर, अमृत विचार :** पचौमी स्थित महापंचेश्वर नाथ मंदिर में लगे विशाल मेले में श्रद्धा के साथ खेती की नई दिशा भी देखने को मिली। द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज ने यहां एक विशेष स्टॉल लगाया गया, जिसका शुभारंभ यूनिट हेड अनिल त्यागी ने फीता काटकर किया। स्टॉल पर गन्ना विभाग के अधिकारियों ने किसानों को उन्नत और स्वीकृत प्रजातियों, की विस्तार से जानकारी दी। इन प्रजातियों की विशेषताओं और अधिक पैदावार के तरीकों पर चर्चा की गई। वहीं बसंतकालीन गन्ना बुवाई अधिक क्षेत्र में करने के लिए प्रेरित किया गया। ट्रेंच विधि से बुवाई के फायदे भी समझाए गए। स्टॉल पर गन्ने की इन प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर महाप्रबंधक (गन्ना) पवन कुमार चतुर्वेदी, उप महाप्रबंधक (गन्ना विकास) दिनेश कुमार शर्मा, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) उपेंद्र कुमार उपाध्याय, जोनल मैनेजर हर्षवर्धन, अरविंद त्यागी और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## मंदिरों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

**मीरगंज, अमृत विचार :** फाल्गुन मास की शिवतेरस पर मंदिर शंखनाद और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से गूंजायमान हो उठा। कस्बा स्थित मोहल्ला मेवात के ब्रह्मदेव, शनि एवं भोलेनाथ के सिद्धपीठ मंदिर, सिरौली चौराहे के समीप मां दुर्गा मंदिर, तथा बनैया मोहल्ला के प्राचीन शिवालयों में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी। श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक करते रहे। देहात क्षेत्र के गांवों में स्थित शिव मंदिरों में भी आस्था का यही दृश्य देखने को मिला।

## जाटवान में शिव मंदिर में रही भीड़

**मानपुर, अमृत विचार:** कस्बा शीशगढ़ के मोहल्ला जाटवान में स्थित प्राचीन शिव मंदिर समेत कस्बे के प्रमुख शिवालयों में भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। भक्तगण भगवान शिव की आराधना में पूरी श्रद्धा से लीन दिखे। कुछ गांवों में कांवड़िए गंगाजल लेकर पहुंचे और ब्रह्ममुहूर्त में भोलेनाथ का विधिपूर्वक अभिषेक किया। इस दौरान जयकारे गूंजते रहे।

## मंदिरों में उमड़े भक्त किया पूजन

**आंवला, अमृत विचार:** कस्बे के पुरैना स्थित सिद्ध मंदिर, मनौना, टांडा, तिगरा खानपुर, कंथरी, कनगांव आदि गांव के शिवमंदिरों पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भजन-कीर्तन के साथ पूजा-अर्चना संपन्न हुई। भक्तों ने जल, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर भगवान शिव की आराधना की। इस दौरान शिव भक्त उत्साहित नजर आए।


Lifelines OF BAREILLY — MEDICAL — अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

**फोकस नेत्रालय**
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005





- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

**आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर** (ADITYA)
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

**स्वास्थ्य जागरूकता अभियान**
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430

डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

## न्यूज ब्रीफ

### बहन को बचाने आए भाई को पीटा

**नवाबगंज, अमृत विचार** : थाना नवाबगंज क्षेत्र की गुलशन नगर बस्ती में सरेराह एक युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। विरोध करने पर युवती के भाई के साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने भाई के साथ घर पर खाना लेकर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में तीन अज्ञात युवक, जो कथित तौर पर नशे में लग रहे थे, अश्लील टिप्पणियां करने लगे और अभद्र व्यवहार किया। जब भाई ने आरोपियों को टोका तो वे आक्रामक हो गए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बाइक सवार दो युवकों से तमंचा बरामद

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार** : कादरगंज मार्ग पर नहर के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो आरोपितों को अवैध तमंचा, कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक बाइक पर दो युवकों को पकड़ा। इनकी तलाशी ली गई तो 12 बोर का तमंचा व कारतूस तथा दूसरे के पास से 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम प्रमोद निवासी इटौरिया, थाना फतेहगंज पूर्वी तथा सहीम गाजी निवासी अलीशाबाद नन्दपुर, थाना टड़ियावां, हरदोई बताया।

### दावत में गया युवक पार हो गई बाइक

**नवाबगंज, अमृत विचार** : कस्बे में एक बार फिर बाइक चोरी की घटना सामने आई है। दावत में शामिल होने गए युवक की बाइक बारातघर की गैलरी से चोरी हो गई। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कहारान मोहल्ला निवासी अनमोल ने बताया कि वह शुक्रवार को बारातघर में कार्यक्रम में शामिल होने गया था। उसने अपनी बाइक बारातघर की गैलरी में खड़ी की और अंदर हाल में चला गया। कुछ देर बाद जब वह बाहर लौटा तो बाइक अपनी जगह पर नहीं थी।

### चोरी की बाइक सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरगंज, अमृत विचार** : अपराध व वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीती रात थाना मीरगंज पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग के दौरान नल नगरीया तिराहा के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर जांच की गई। उसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बरामद मोटरसाइकिल थाना मझोला, मुरादाबाद क्षेत्र से चोरी की गई थी, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान महेंद्र पुत्र मंगलसेन, निवासी ग्राम पहुंचा खुर्द के रूप में हुई है।

### स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर स्मैक तस्कर को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया। उसके पास से 53 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया शनिवार देर शाम दिल्ली हाइवे से गांव रूकुमपुर को जाने वाले रास्ते पर थाना किला के स्वाले नगर नवदिया निवासी मुबारिक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 53 ग्राम स्मैक बरामद की गई।

# पंचायत कर्मियों की हड़ताल से सफाई व जलापूर्ति ठप

## शेरगढ़ में ईओ से मारपीट के विरोध में कर्मचारी लामबंद

संवाददाता, शेरगढ़

**अमृत विचार** : 11 फरवरी को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान अधिशासी अधिकारी (ईओ) और व्यापारी के बीच हुई मारपीट के मामले में अब तक प्रभावी कार्रवाई न होने से नगर पंचायत कर्मी रविवार को हड़ताल पर रहे। हड़ताल के चलते नगर पंचायत कार्यालय सहित पूरे कस्बे की सफाई व्यवस्था चरमरा गई और पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही।

कर्मचारियों ने पूर्व में घोषणा की थी कि यदि 14 फरवरी तक ईओ के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करेंगे। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद 15 फरवरी को कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। इस दौरान न तो सफाई हुई और न ही मोहल्लों में कूड़ा उठाया गया। जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए, जिससे महाशिवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर नगरवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। जलापूर्ति बंद रहने से लोगों को पानी की किल्लत भी झेलनी पड़ी।


हड़ताल के बाद रविवार को कस्बे में नहीं उठाया कूड़ा। ● अमृत विचार

नगर पंचायत के कर्मियों ने कहा कि यदि पुलिस ने शीघ्र मुकदमा दर्ज कर प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो 16 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम बहेड़ी को भी पत्र देकर अवगत कराया गया है।

ईओ दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है और कार्रवाई का आश्वासन मिला है। उल्लेखनीय है कि मेन चौराहे पर हुई घटना का वीडियो वायरल हुआ था, लेकिन अब तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है।

### महिला से 16 हजार रुपये ठगे, फरार

**शेरगढ़, अमृत विचार** : प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन कराने के बहाने एक ठग ने महिला से 16000 रुपए बैंक से निकलवा कर ठग लिए। पीड़िता की ओर से थाने में मामले की तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थाना क्षेत्र के गांव बालपुर में एक बाइक सवार प्रेमवती के मकान के सामने एक अन्य महिला कोकिला देवी से गैस कनेक्शन कराने को लेकर चर्चा कर रहा था। इसी दौरान प्रेमवती भी वहां पहुंच गईं। दोनों ने उससे नये गैस कनेक्शन कराने को कहा। बाइक सवार ने उनसे बैंक की पासबुक और आधार कार्ड के साथ शेरगढ़ चलने को कहा और बैंक से 500 रुपये छोड़कर खाते से परे पैसे निकालने को कहा। महिलाओं ने बैंक से रुपये निकाले और बाइक सवार के साथ शेरगढ के लिए रवाना हुई। रास्ते में घर से फोन आने पर कोकिला देवी उतर गई।. इस दौरान बाइक सवार प्रेमवती को अस्पताल की ओर ले गया और उनसे 16000 रुपए लेकर रफू चक्कर हो गया। प्रेमवती ने ठगी के मामले में प्रार्थना पत्र दिया है।

# इलाज में लापरवाही से प्रसूता की मौत, हंगामा

संवाददाता, भमोरा

- डॉक्टर ने जांच के बाद सामान्य प्रसव करने की बात कहकर किया भर्ती, कर दिया ऑपरेशन
- मौत की सूचना पर परिवार में मचा कोहराम, लापरवाही बरतने पर पत्नी की मौत का आरोप
- दो दिन पूर्व इसी अस्पताल पर आपरेशन के दौरान लापरवाही पर दर्ज हुआ है मुकदमा

**अमृत विचार**: गर्भवती को प्रसव पीड़ा होने पर निजी अस्पताल संचालकों ने सामान्य प्रसव होने की बात कही। मरीज को भर्ती करने के कुछ देर बाद मरीज की हालत को गंभीर बताकर आपरेशन करने की बात कही। कुछ देर बाद डाक्टरों ने बच्ची होने और जच्चा की हालत गंभीर बताकर उसे बरेली ले जाने की बात कही। लेकिन जब पत्नी को लेने पति अंदर पहुंचा तो वह मृत पड़ी और बच्ची उसके बगल में लेटी थी।

थाना क्षेत्र के गांव नौगंवा अहिरान निवासी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि पत्नी सीमा यादव(23 ) को रविवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर देवचरा स्थित नकटपुर मोड़ के पास बने एक निजी अस्पताल में लेकर आया था। जहां डॉक्टर ने जांच करने के बाद सामान्य प्रसव होने बताकर बाहर बैठा दिया। कुछ समय बाद बताया कि तुम्हारी पत्नी की हालत गंभीर है। ऑपरेशन करना पड़ेगा। इसके बाद डॉक्टर ने आकर बताया तुम्हारी पत्नी के बच्ची हुई है और तुम्हारी पत्नी की हालत गंभीर है। उसे बरेली ले जाओ। जब मैं अंदर पहुंचा तो देखा पत्नी मृत थी और बच्ची उसके पास पड़ी थी। धर्मेंद्र ने डॉक्टर के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरतने के कारण पत्नी की मौत होने के आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दे कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। । दो दिन पूर्व इसी अस्पताल पर ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरतने का एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराया है।

### शादी का झांसा देकर बनाई अश्लील वीडियो, मुकदमा दर्ज

**शीशगढ़, अमृत विचार**: थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पकड़े जाने पर युवक ने शादी का वायदा कर युवती का जमकर यौन शोषण कर अश्लील वीडियो भी बना ली।

चौकी क्षेत्र टांडा छंगा के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि लगभग चार माह पूर्व पड़ोसी युवक ने उसके घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म किया। पकड़े जाने पर पंचायत में दोनों की शादी की बात पर युवक राजी हो गया। आरोप है कि तब से युवक उसके साथ लगातार यौन शोषण करता आ रहा है। युवती का आरोप है कि उसकी अश्लील वीडियो भी बना रखी है। शादी के दबाव पर उसनें वीडियो वायरल करने की धमकी दी है। निकाह के लिए ज़ब वह आरोपी के घर गई तो आरोपी के दो बहनोइयों ने गाली गलौच कर युवती की पिटाई करके भगा दिया। पुलिस ने आरोपी युवक व उसके बहनोइयों पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### खाली पड़ी जमीन पर बच्चे खेले तो दबंगों ने मां-बेटे को पीटा

**मानपुर, अमृत विचार**: शीशगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा की गोंटिया निवासी तोताराम ने पुलिस को बताया कि बीती शाम को उसके घर के बच्चे खाली पड़ी जगह में खेलने चले गए थे। बच्चों को खेलते देख गांव के ही गुलजारी लाल, महेंद्र व नत्थो देवी उसके घर मे घुस आए और उसे व उसकी माता हीरा कली को मारने को लिपट गए। आरोप है कि किसी धारदार चीज से उनपर बार कर दिया, जिससे दोनों के सिर में गम्भीर चोटें आई हैं। आरोप है कि शोर सुनकर बचाने पहुंची पड़ोसी महिला अनुमती को भी मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी देकर से लोग फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल को भेज तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गेहूं की बालियों में दाने सिकुड़ने का अंदेशा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दिन के समय चढ़ने लगा है पारा ज्यादा गर्मी से पैदावार पर पड़ सकता असर
- केवीके के वैज्ञानिक ने किसानों को खेत में नमी बनाए रखने की दी सलाह

**अमृत विचार** : फरवरी के महीने में दोपहर के समय तेज धूप और बढ़ते तापमान से गेहूं की अगेती फसल के लिए चिंता बढ़ गई है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय तापमान का अधिक बढ़ना गेहूं की अगैती फसल के लिए अच्छा नहीं है। फसल में वालियां आ चुकी हैं। अधिक गर्मी होने पर वालियों में दाने सिकुड़ने की संभावना रहती है।

आईवाआरआई कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक रंजीत सिंह ने बताया कि नवंबर के शुरुआत में बोई गई गेहूं की फसल के लिए यह स्थिति थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। उन्होंने कहा कि पौधों में प्रकाश संश्लेषण के दौरान बनने वाला शुष्क पदार्थ तने के जायलम और फ्लोएम के माध्यम से बालियों तक पहुंचता है। यदि अधिक गर्मी हो, तो शुष्क पदार्थ का निर्माण और



बालियों तक पहुंचने की प्रक्रिया बाधित होती है, जिससे दाने सिकुड़ सकते हैं और पैदावार में कमी आ सकती है।

उन्होंने किसानों को सुझाव दिया कि गेहूं की अगेती फसल में उचित नमी बनाए रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए बौछारी सिंचाई के माध्यम से हल्की सिंचाई करना लाभकारी रहेगा। कहा कि खेत में जलभराव की स्थिति न बनने पाए, क्योंकि इससे हवा चलने पर फसल गिरने का खतरा बढ़ जाता है। अन्य विशेषज्ञों का भी यही कहना है कि किसानों को इस समय फसल की देखभाल में सतर्क रहना होगा और तापमान में अचानक वृद्धि के कारण पैदावार पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए नियमित सिंचाई और खेत की सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जिला कृषि अधिकारी डा. ऋतुषा तिवारी का कहना है कि इस वक्त गेहूं की अगेती फसल में किसानों को सावधानियां रखने की आवश्यकता है। बढ़े हुए तापमान से फसल अवधि में करीब दस दिन और उत्पादन में करीब 5 से 6 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। किसान खेत में नमी बनाए रखें।

### युवती से छेड़छाड़ घर में घुसकर की मारपीट

**नवाबगंज, अमृत विचार** : थाना नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव में युवती से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की ओर से थाने में तहरीर देकर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

तहरीर के अनुसार, बीते दिनों सुबह युवती गांव में ही किराने की दुकान पर सामान लेने जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही दो युवकों ने उसे जबरन पकड़कर छेड़छाड़ की और गले में पहनी सोने की चेन छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट की गई। शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गए। पीड़ित परिवार का आरोप है कि कुछ देर बाद दोनों युवक घर में घुस आए और युवती व उसकी मां के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

# जन्म प्रमाण पत्र के विवाद में पालिका कर्मी पर हमला

संवाददाता, नवाबगंज

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार** : जन्म प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर शुरू हुआ विवाद नगर पालिका कर्मी पर हमले तक पहुंच गया। आरोप है कि एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर पालिका कर्मचारी की पिटाई कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

नगर पालिका कर्मचारी रघुवर सिंह ने बताया कि मोती मस्जिद के पास रहने वाला मो. फईम पुत्र अब्दुल सलाम उसके पास जन्म प्रमाण पत्र बनवाने आया था। इस दौरान वह किसी अन्य व्यक्ति का जन्म प्रमाण पत्र अपने साथ ले गया और कहा कि जब तक उसका प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा, वह उक्त प्रमाण पत्र वापस नहीं करेगा।

कर्मी का आरोप है कि इससे सरकारी कार्य बाधित हुआ। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी की शाम करीब सात बजे वह बाइक से बरेली जा रहे थे। तभी रिछोला किफायतुल्ला से आगे मो. फईम अपने दो साथियों के साथ पहुंचा और रास्ता रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

थाना नवाबगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मो. फईम को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कॉपी में नोट मिले तो छात्र और कक्ष निरीक्षक पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पूर्व में कॉपियों में नोट निकलने के आ चुके कई मामले
- परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे प्रश्न पत्र डबल लॉक में रखे सुरक्षित

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट 2026 की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए बोर्ड ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। अगर किसी परीक्षार्थी की उत्तरपुस्तिका से मूल्यांकन के दौरान नोट बरामद होते हैं, तो इसे अनुचित साधन माना जाएगा और संबंधित छात्र के साथ-साथ कक्ष निरीक्षक के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर बोर्ड सचिव ने दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

बता दें कि जिले में इस बार कुल 69 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 41,821 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।



इनमें हाईस्कूल के 23,241 और इंटरमीडिएट के 18,580 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। परीक्षाएं 12 मार्च तक संचालित होंगी। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए करीब तीन हजार कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें माध्यमिक शिक्षा विभाग के 1100 और बेसिक शिक्षा विभाग के 1900 शिक्षक शामिल हैं। इस बार ड्यूटी निर्धारण की प्रक्रिया क्यूआर कोड के माध्यम से की जा रही है, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और कोई भी शिक्षक ड्यूटी से बच न सके। साथ ही केंद्रों पर वाइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे और स्ट्रांग रूम की पुख्ता व्यवस्था कर ली गई है। पूर्व में कॉपियों के मूल्यांकन के दौरान कॉपियों से नोट निकलते थे। इस बार बोर्ड सचिव ने नियम सख्त करते हुए निर्देश दिए हैं कि अगर कॉपी से नोट निकले तो छात्र के साथ कक्ष निरीक्षक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड की ओर से जारी किए निर्देश में कहा गया कि कॉपियों में किसी भी प्रकार की धनराशि या अवांछित सामग्री मिलना परीक्षा अनुशासन का गंभीर उल्लंघन है। ऐसे मामलों में इसे ड्यूटी के दौरान लापरवाही मानते हुए कक्ष निरीक्षक के खिलाफ विभागीय नियमों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। सचिव ने कहा कि पूर्व वर्षों में मूल्यांकन के समय उत्तरपुस्तिकाओं से नोट मिलने की घटनाएं सामने आती रही हैं। कुछ परीक्षार्थी अधिक अंक पाने की गलतफहमी में ऐसा कदम उठा लेते हैं, जो पूरी तरह अनुचित है। अबकी बार ऐसे मामलों में सख्त रुख अपनाया जाएगा। इधर, बोर्ड की ओर से भेजे गए प्रश्न पत्र भी केंद्रों पर पहुंचना शुरु हो गए हैं। जिन्हें सुरक्षा के बीच रखा गया है।

# वार्षिकोत्सव में गई छात्रा से दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार**:क्षेत्र के एक गांव की हाईस्कूल छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक सहित उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित किशोरी शनिवार को छोटे भाई के साथ विद्यालय के वार्षिकोत्सव में गई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भाई घर लौट आया, लेकिन छात्रा वापस नहीं पहुंची। परिजनों को जानकारी मिली कि दो सहेलियां उसे अपने घर ले गई हैं।शाम को सहेलियों के परिजन छात्रा को उसके घर छोड़ गए। उस समय छात्रा नशे की हालत में थी। बाद में छात्रा ने बताया कि उसे नशीला पदार्थ खिलाकर साथ ले जाया गया, जहां सहेलियों के भाई ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी।घटना की रिपोर्ट छात्रा के पिता की ओर से थाना नवाबगंज में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपी युवक, उसकी बहनों और माता-पिता के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है और पीड़िता का मेडिकल भी कराया जा रहा है।

### जनसेवा केंद्र से दिनदहाड़े 70 हजार रुपये चोरी

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर स्थित एक जन सुविधा केंद्र से दहाड़े चोरी हो गई। काउंटर की दराज का लॉक तोड़कर चोर ने 70 हजार रुपये चोरी कर ले गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की। इस दौरान मौके पर भीड़ लगी रही। कस्बा के वार्ड नंबर तीन मोहल्ला ठाकुरद्वारा निवासी मोहम्मद फारूक ने बताया कि उनका पीलीभीत बीसलपुर मुख्य मार्ग पर प्राथमिक विद्यालय नंबर एक के पास जन सुविधा केंद्र है। रविवार शाम करीब पौने पांच बजे दुकान के काउंटर की दराज में लाक लगाकर शटर गिराकर कार्य से ब्लॉक तिराहे की तरफ गए थे। इस बीच दराज में रखे 70 हजार रुपये चोरी कर लिए।

# बहेड़ीः दस हजार यात्रियों के आवागमन वाले स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज नहीं

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार** : बहेड़ी रेलवे स्टेशन पर रोज़ाना सैकड़ों मुसाफिर जान हथेली पर रखकर ट्रेनों में सवार होते हैं। रोज़ाना 5 हज़ार के करीब टिकट देने वाले इस स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज नहीं है। रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण का काम तो चल रहा है, लेकिन यात्रियों की सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

पुर्वोत्तर रेलवे का बहेड़ी रेलवे स्टेशन डी श्रेणी का स्टेशन है। स्टेशन का नवीनीकरण इन दिनों चल रहा है, लेकिन इस प्रोजेक्ट में यात्रियों को प्लेटफार्म बदलने के लिए एक्सलेटर या फुट ओवरब्रिज की सुविधा देने की ज़रुरत महसूस नहीं की गई। यात्रियों के सामने सबसे बड़ी मुश्किल तब आती है, जब उनको प्लेटफार्म नम्बर दो से गाड़ी पकड़नी होती है। प्लेटफार्म बदलने के लिए यात्रियों को रेल की पटरी को क्रॉस करना होता है।

यात्री प्लेटफार्म बदलने के लिए पहले प्लेटफार्म नम्बर एक से नीचे रेल की पटरी पर कूदता है, और फिर रेल लाइन क्रॉस कर दो नम्बर प्लेटफार्म पर पहुँचता है। वैसे रेल पटरी को क्रॉस करना रेलवे कानून के हिसाब से अपराध है, लेकिन यहाँ रेलवे के अफसर खुद ही ऐसा करने को यात्रियों को मजबूर किए हुए हैं।


प्लेटफार्म दो पर आई ट्रेन से निकल कर जान हथेली पर लेकर रेल पटरी पार कर रहे यात्री। ● अमृत विचार


प्लेटफार्म एक से नीचे उतरने में नाकाम रही बुजुर्ग महिला की ट्रेन छूट गई,इन्हें दो नम्बर प्लेटफार्म से बरेली जाने वाली ट्रेन से जाना था। ● अमृत विचार

- जान हथेली पर लेकर ट्रेन में सवार होते हैं सैकड़ों यात्री
- स्टेशन पर नवीनीकरण का काम जारी लेकिन ब्रिज की योजना नहीं

### रोजाना रेलवे स्टेशन से 14 ट्रेनों का आवागमन

बहेड़ी स्टेशन से रोज़ाना 10हज़ार से भी ज़्यादा यात्रियों का आवागमन होता है। रेलवे के आंकड़ों को देखें, तो पिछले साल इस स्टेशन से औसत 4828 यात्रियों ने टिकट लेकर यात्रा की। उससे पहले साल में यह औसत 4519 था। जानकारों का मानना है कि इस साल टिकट लेकर यात्रा करने वालों का औसत 5 हजार से कहीं ऊपर जाएगा। बहेड़ी रेलवे स्टेशन से रोजाना 14 ट्रेनों का आना जाना होता है। साप्ताहिक के तौर पर 5 ट्रेन गुज़रती हैं। बताते हैं कि करीब 50 यात्री रोज़ाना यहाँ से रिजर्वेशन करा कर सफर करते हैं।

### ट्रेनों के क्रॉस होने पर यात्रियों को होती परेशानी

यात्रियों के सामने सबसे ज़्यादा मुश्किल तब होती है, जब यहाँ ट्रेनों का क्रॉस होता है। प्लेटफार्म नंबर दो पर आने वाली ट्रेन के मुसाफिरों को एक से दूसरे पर जाने के लिए जान हथेली पर रखना होती है। दोनों तरफ से ट्रेन आने और ऐसे में ऊँचे प्लेटफार्म से कूदकर नीचे उतरना और फिर दूसरे पर पहुंचना खतरे भरा होता है। कुछ यात्री तो दूसरे प्लेटफार्म पर पहुँच भी नहीं पाते और रेल पटरी से ही ट्रेन पर चढ़ते हैं।महिलाओं, बच्चों और बुज़ुर्गों के लिए इसमें सबसे ज़्यादा मुश्किल का सामना करना पड़ता है। कई बुज़ुर्गों और महिलाओं की ट्रेन ज़रूर छूट जाती है। ट्रेनों का क्रॉस कब हो जाए, कुछ पता नहीं रहता। स्टेशन मास्टर सुमित कुमार का कहना है कि वैसे किसी ट्रेन का क्रॉस यहाँ ड्यू तो नहीं, लेकिन हो जाता है।

### प्लेटफार्म नम्बर दो से ट्रेन पर बैठना है बेहद मुश्किल

प्लेटफॉर्म नम्बर दो नीचा होने पर इससे ट्रेन में सवार होना भी आसान नहीं। ट्रेन पर चढ़ने के लिए सभी पायदान चढ़ना होते हैं। इस प्लेटफार्म पर ट्रेन से उतरने में भी बहुत मुश्किल होती है। गत रात ट्रेनों का क्रॉस हुआ।प्लेटफार्म नम्बर दो पर उस वक़्त बिल्कुल अंधेरा था।

# गोकर्ण तीर्थ में स्नान नहीं कर पाए भक्त

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार**: महाशिवरात्रि पर पहली बार ऐसा हुआ है कि दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु गोकर्ण तीर्थ में स्नान नहीं कर सके। इसका मलाल उनके चेहरे पर झलकता रहा।

पुराणों के अनुसार महाशिवरात्रि पर पवित्र नदियों और छोटी काशी के गोकर्ण तीर्थ में स्नान, आचमन कर भोलेनाथ के भक्त शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। किंतु इस बार 22 फरवरी को तीर्थ के अंदर होने वाले शिवोत्सव के कारण जल नहीं भरा जा सका, जिससे श्रद्धालु स्नान और आचमन करने से वंचित रह गए।

हरदोई के जुगल किशोर, पीलीभीत के धर्मवीर, शाहजहांपुर के रामसनेही दीक्षित, शाहाबाद के विशेश्वर दयाल, सीतापुर के हरिमंगल प्रसाद आदि ने बताया कि वह कई वर्षों से छोटी काशी में महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने आ रहे हैं, जिन्होंने पिछले साल भी गोकर्ण तीर्थ में स्नान कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की थी। श्रद्धालुओं का मानना है कि घर से स्नान कर आने में रास्ते में दूरी अधिक होने पर लघुशंका आदि जाने से शरीर पवित्र नहीं रहता है। इसलिए मजबूरन उन्हें तीर्थ परिसर में लगी पानी की टंकियां में स्नान करना पड़ा।



दसवीं पुण्यतिथि
(16 फरवरी 2016)
स्व. श्रीमती मीना जौहरी
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
मृत्यु एक सत्य है जिसे कोई टाल नहीं सकता है,
किसी अपने का जाना दिल को गहराई तक तोड़ सकता है,
आपके प्रियजनों को आपकी कमी हमेशा खलेगी,
लेकिन आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी।
-: श्रद्धावनतः :-
गोपाल नारायण जौहरी (पति), विशाल-मोनिका, दिव्यांश-रीतिका (पुत्र-पुत्रवधु), दीपाली-सत्येन (पुत्री-दामाद), पर्व, झिलमिल (धेवते, धेवती), रूनझुन, अन्वी, मान्यु, आन्या (पौत्र-पौत्री) मो. 8868871866, 8445583211, 9410405904
19, तिरूपति विहार कालोनी, नेकपुर, बदायूं रोड, बरेली

